१२१२.	लुणिवाल	वशिष्ठ	शुक्ल	३	कौथुमी
१२१३.	लाटा	अगस्त	दीक्षित	३	माध्यन्दिनी
१२१४.	लाम्बा	भारद्वाज	पांडे	३	,,
१२१५.	लाल चौव्या	भारद्वाज	चौबे	३	,,
१२१६.	सिन्दड	सावर्ण	जोषी	३	,,
१२१७.	शलकिया	गर्ग	दीक्षित	३	,,
१२१८.	शुमरोडिया	गौतम	अग्निहोत्री	३	,,
१२१९.	सरमोर	भारद्वाज	पांडे	३	,,

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१२२०.	संकटतोड़	भारद्वाज	पांडे	३	माध्यन्दिनी
१२२१.	सहजचौकीवाल	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२२२.	समधा	मोदगल्य	पुरोहित	३	"
१२२३.	सरसालिया	वाशिष्ठ	शुक्ल	३	कौथुमी
१२२४.	(सरसोल्या)	वाशिष्ठ	शुक्ल	३	"
१२२५.	सावदो	वृहस्पती	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१२२६.	सरसोल्या	शांडिल्य	अग्निहोत्री	३	"
१२२७.	संचोरिया	शौनक	द्विवेदी	३	"
१२२८.	सरवला	गौतम	अग्निहोत्री	३	"
१२२९.	समदरवाल	काशकृतस्नु	पुरोहित	३	वदवायन
१२३०.	सपोज	काशकृतस्नु	पुरोहित	३	"
१२३१.	सकलवाल	अंगिरा	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१२३२.	सकर्सिया	कविस्त	वाजपेयी	३	"
१२३३.	सारोल्या	कश्यप	तिवारी	३	"
१२३४.	साकटा	कश्यप	तिवारी	३	"
१२३५.	सारसीवाल	कौंडिन्य	अग्निहोत्री	२	"
१२३६.	सासदा	काशकृतस्नु	पुरोहित	३	वदवायन
१२३७.	साड़ोल्या	गौतम	अग्निहोत्री	३	माध्यन्दिनी
१२३८.	सांजानेरिया	धनञ्जय	त्रिवेदी	३	"
१२३९.	साड़ोलिया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२४०.	सुरचान्या	भार्गव	दीक्षित	३	"
१२४१.	सामेर	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२४२.	सान	मौदगल्य	पुरोहित	३	"
१२४३.	सांगानेरिया	वत्स	मिश्र	३	"

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१२४४.	सातुखरा	वृहस्पती	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१२४५.	सागवान	शांडिल्य	अग्निहोत्री	३	कौथुमी
१२४६.	सिड़ोल्या	अंगिरा	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१२४७.	सिरोइया	कश्यप	तिवारी	३	माध्यन्दिनी
१२४८.	सिकरवाल	कौंडिन्य	अग्निहोत्री	३	"
१२४९.	सीवर	भार्गव	दीक्षित	३	"
१२५०.	शुभका	जैमिनि	श्रोत्रिय	३	"
१२५१.	सुड़वाल	कौशिक	अग्निहोत्री	३	"
१२५२.	सुपोज	गौतम	अग्निहोत्री	३	"
१२५३.	सुरभटवाल	धनञ्जय	त्रिवेदी	३	"
१२५४.	सुरोल्या }	भारद्वाज	जोषी	३	"
१२५५.	संगेला }	भारद्वाज	जोषी	३	"
१२५६.	सुरोलिया }	भारद्वाज	जोषी	३	"
१२५७.	सुरोल्या	कौशिक	व्यास	३	"
१२५८.	सुभटा:	विश्वामित्र	व्यास	३	"
१२५९.	सुस्वान्या	सांकृत	पांडे	३	"
१२६०.	सेयल	कश्यप	तिवारी	३	"
१२६१.	सेलुपरया	जैमिनि	श्रोत्रिय	३	"
१२६२.	सोपल्या	अत्री	शुक्ल	३	"
१२६३.	सोनाइया	कौंडिन्य	अग्निहोत्री	३	"
१२६४.	सोनवाल	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२६५.	सिरोल्या	कश्यप	तिवारी	३	"
१२६६.	(सुरोल्या)	कश्यप	तिवारी	३	"
१२६७.	शुक्लपुरिया	अगस्त	जोषी	३	"

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१२६८.	शाठिया	गौतम	अग्निहोत्री	३	माध्यन्दिनी
१२६९.	सरभला	गौतम	अग्निहोत्री	३	"
१२७०.	सुकेतिया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२७१.	सुरोलिया	वशिष्ठ	जोषी	३	"
१२७२.	सारल्या	सांकृत	व्यास	३	"
१२७३.	समधा	अनाब्रह्माक्ष	शुक्ल	३	"
१२७४.	सिम्मनवाल	गौतम	पांडे	३	"
१२७५.	सुरीपिया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२७६.	सोंधानिया	भार्गव	दीक्षित	३	"
१२७७.	सोंकरवाल	शौनक	द्विवेदी	३	"
१२७८.	संधीवाल	सांकृत	जोषी	३	"
१२७९.	सीवर	भार्गव	जोषी	३	"
१२८०.	सीदर	मार्कण्डेय	जोषी	३	"
१२८१.	सकलवाल	अंगिरा	जोषी	३	"
१२८२.	सावडा	काश्यप	जोषी	३	"
१२८३.	सीडीवाल	कश्यप	जोषी	३	"
१२८४.	सिवरीवाल	कश्यप	जोषी	३	"
१२८५.	श्रसी	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२८६.	सीरमोर	भारद्वाज	पांडे	३	"
१२८७.	(सरमोर)	भारद्वाज	जोषी	३	"
१२८८.	सिवलोडया	वाक्षिल्य	पुरोहित	३	"
१२८९.	सिडोल्या	अंगिरा	जोषी	३	"
१२९०.	सडवाल	कौशिक	व्यास	३	"
१२९१.	समदीवाल	कौशिक	व्यास	३	"

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१२९२.	सुपरिवाण	कौशिक	व्यास	३	माध्यन्दिनी
१२९३.	सीगलवाल	वाक्षिल्य	पुरोहित	३	"
१२९४.	सीगावत	वलि	जोषी	३	"
१२९५.	सीगीवात	शांडिल्य	जोषी	३	"
१२९६.	साई	अत्रिय	जोषी	३	"
१२९७.	सोपल्या	अत्रिय	जोषी	३	"
१२९८.	साणा	मौदगल्य	पुरोहित	३	"
१२९९.	साकेटाणा	हारी	व्यास	३	"
१३००.	साखोलिया	कौशिक	व्यास	३	"
१३०१.	सिडोलिया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३०२.	सहल	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३०३.	सातोरिया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३०४.	सुरोलिया	भारद्वाज	दुबे	३	"
१३०५.	सीभला	भारद्वाज	जोषी	३	"
१३०६.	सीलोठिया	भारद्वाज	जोषी	३	"
१३०७.	सावलोदिया	भारद्वाज	जोषी	३	"
१३०८.	सांकलश	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३०९.	संपलवाल	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३१०.	शिवाहया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३११.	सागवाल	भारद्वाज	जोषी	३	"
१३१२.	सिरसोलिया	भारद्वाज	जोषी	३	"
१३१३.	सर्पदमा	भारद्वाज	पांडे	३	"
१३१४.	शाणौलिया	भारद्वाज	जोषी	३	"
१३१५.	सोरठया	भारद्वाज	जोषी	३	"

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१३१६.	सिन्दोलिया	भारद्वाज	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१३१७.	सिकारा	वत्स	मिश्र	३	,,
१३१८.	सूंधडत	परासर	मिश्र	३	,,
१३१९.	सोजतमा	शांडिल्य	जोषी	३	,,
१३२०.	सालवाल	हरित	व्यास	३	,,
१३२१.	सांभरिया	हरित	व्यास	३	,,
१३२२.	सुनपातिया	वशिष्ठ	शुक्ल	३	कौथुली
१३२३.	श्रीवाल	अत्री	जोषी	३	कौटिन्य
१३२४.	संडाकया	कृष्णवेण्यय	व्यास	३	वाजसनीय
१३२५.	सिगल	पूर्वातिथिनाम	त्रिपाठी	३	श्रीभ्रीति
१३२६.	सिरोडिवाल	पूर्वातिथिनाम	त्रिपाठी	३	श्रीभ्रीति
१३२७.	श्रीमिति	पूर्वातिथिनाम	त्रिपाठी	३	,,
१३२८.	सवचवा	मालवनां	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१३२९.	सिरोडिवाल	रेवण	पुरोहित	३	,,
१३३०.	सिरकोल्या	बन्थुल	जोषी	३	,,
१३३१.	सुरनावल्या	वाशिष्ठ	तिवारी	३	,,
१३३२.	सिसवान्या	बन्थुल	जोषी	३	,,
१३३३.	सारधूमा	सावर्णि	मिश्र	३	,,
१३३४.	सरोपट	अगस्त	जोषी	३	,,
१३३५.	सलेवाल	सावर्ण	जोषी	३	,,
१३३६.	सुरसोल्या	शांडिल्य	जोषी	३	,,
१३३७.	सुपरोटा	सोमराज	जोषी	३	,,
१३३८.	सुरपडा	सोमराज	जोषी	३	,,
१३३९.	सरवरिया	चन्द्रायन	जोषी	३	,,

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१३४०.	सेठो	तंत्री	व्यास	३	माध्यन्दिनी
१३४१.	सारसोल्या	वाशिष्ठ	तिवारी	३	,,
१३४२.	सिद्धी	मौदगल्य	देवशर्मा	३	,,
१३४३.	सिधिचारणा	लोभाक्ष	जोषी	२	,,
१३४४.	सरकसेटो	तंत्री	व्यास	३	,,
१३४५.	सोरथिया	वशिष्ठ	शुक्ल	३	कौथुमी
१३४६.	सुठया	वशिष्ठ	शुक्ल	३	,,
१३४७.	सिम्मनवाल	गौतम	अग्निहोत्री	३	माध्यन्दिनी
१३४८.	सिरसौनिया	अत्रिय	जोषी	३	,,
१३४९.	सर्पदसा	अत्रिय	जोषी	३	,,
१३५०.	सांखोलिया	अत्रिय	जोषी	३	,,
१३५१.	सिरोहीवाल	परवृद्ध वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५२.	सर्पदमा	परवृद्ध वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५३.	सफीदमीवाल	परवृद्ध वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५४.	सिवाल	वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५५.	सुरिलिया	वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५६.	शिवपुरिया	वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५७.	सोरिया	वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५८.	सिलाणिया	वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३५९.	सिमावत	वशिष्ठ	जोषी	३	,,
१३६०.	सिरसोणिया	अत्री	शुक्ल	३	कौथुमी
१३६१.	सागवाल	अत्री	शुक्ल	३	,,
१३६२.	साखोलिया	अत्री	शुक्ल	३	,,
१३६३.	सालोडिया	कृष्णवेण्यय	व्यास	३	वजसनीय

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१३६४.	सिहवाल	कौशिक	व्यास	३	माध्यन्दिनी
१३६५.	स्याणिया	कौशिक	व्यास	३	"
१३६६.	सिरोहीवाल	कौशिक	व्यास	३	"
१३६७.	सेदुखेर	मांडन्य	जोषी	३	माध्यन्दिनी
१३६८.	सीरापट	शौनक	जोषी	३	"
१३६९.	सोपल्या	अनाब्रह्माक्ष	शुक्ल	३	"
१३७०.	संचोरया	शौनक	जोषी	३	"
१३७१.	सकरा	कोचन	व्यास	३	"
१३७२.	सेलुपरया	जैमिनिय	व्यास	३	"
१३७३.	सारट	वैयाग्रपद्य	व्यास	३	"
१३७४.	सिवाल	वैयाग्रपद्य	व्यास	३	"
१३७५.	सादावत	वलि	जोषी	३	"
१३७६.	सुपरीवाण	कौशिक	व्यास	३	"
१३७७.	सुरसोला	गविष्ठर	जोषी	३	"
१३७८.	सुरवान्या	सांस्कृत	व्यास	३	"
१३७९.	सुरचान्या	भार्गव	जोषी	३	"
१३८०.	सूडवाल	अनाब्रह्माक्ष	शुक्ल	३	"
१३८१.	सुरोलिया	वशिष्ठ	शुक्ल	३	कौथुमी
१३८२.	सिवाल	वशिष्ठ	शुक्ल	३	"
१३८३.	सोरिया	वशिष्ठ	शुक्ल	३	"
१३८४.	सिलाणिया	वशिष्ठ	शुक्ल	३	"
१३८५.	सिमावत	वशिष्ठ	शुक्ल	३	"
१३८६.	शिमल्या	भारद्वाज	चौबे	३	माध्यन्दिनी
१३८७.	हरितवाल	भारद्वाज	पांडे	३	"

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	शासन (अल्ल)	ऋषि गोत्र	पदवी	प्रवर सं.	शाखा
१३८८.	(हातीवाल)	भारद्वाज	पांडे	३	माध्यन्दिनी
१३८९.	हारोल्या	कौशिक	अग्निहोत्री	३	अश्वलायन
१३९०.	हारोल्या	कौशिक	व्यास	३	माध्यन्दिनी
१३९१.	हरसान्या	अत्री	शुक्ल	३	कौटिन्य
१३९२.	हरदान्या	कौंडिन्य	व्यास	३	माध्यन्दिनी
१३९३.	हरवाणी	वामदेव	जोषी	३	"
१३९४.	हयग्रीवा	वामदेव	जोषी	३	"
१३९५.	हिकलारा	मौदगल्य	पुरोहित	३	"
१३९६.	हदया	जैमिनि	श्रोत्रिय	३	"
१३९७.	हिदावत	कौशिक	अग्निहोत्री	३	अश्वलायन
१३९८.	होरिया	पूर्वांतिथनाम	त्रिपाठी	३	श्रीश्रीति
१३९९.	हरहरी	शांडिल्य	जोषी	३	कौथुमी
१४००.	हलकारा	मौदगल्य	पुरोहित	३	माध्यन्दिनी
१४०१.	हूपटयाण	कणवायन	जोषी	५	"
१४०२.	हलकीया	दरमायन	व्यास	५	"
१४०३.	हिसारिया	परासर	मिश्र	३	"
१४०४.	हलदोलिया	परवृद्ध वशिष्ठ	जोषी	३	"
१४०५.	हरितवाल	शांडिल्य	अग्निहोत्री	३	कौथुमी
१४०६.	हीहरवाल	कौशिक	व्यास	३	माध्यन्दिनी
१४०७.	हयवाहेती	अगस्त	दीक्षित	३	"
१४०८.	हल्देनिया	भारद्वाज	पांडे	३	"
१४०९.	हरितवाल	शांडिल्य	जोषी	३	"
१४१०.	हुकमन	भारद्वाज	जोषी	३	"

Scanned with CamScanner

गौत्र विषयक शंका

प्राय: लोग शंका किया करते हैं कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्रों तथा वर्ण शंकरों तक के एक ही गोत्र क्यों होते हैं? इस विषय का भी अग्निपुराण में स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

कोई कहते हैं कि गोत्र केवल ब्राह्मणों का होता है, अन्य वर्ण का नहीं। प्रमाण श्लोक–

क्षत्रिय वैश्य शूद्राणांगोत्रं च प्रवरादिकम्।
तथान्य वर्णसङ्कराणां येषा विप्राश्च याजका॥

(अग्निपुराण)

अर्थात्–क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और वर्ण संकरों के गोत्र और प्रवर उनके गुरु या पुरोहित के ही होते हैं, स्वतंत्र नहीं। संदर्भ–अल्ल गोत्र प्रवर पत्रावली, से प्रस्तुत। पृष्ठ–१३ से।

तिवाड़ियों का भेद

चुलीवाल–तिवाड़ी, तायगा–तिवाड़ी, घुड़चढ़िया–तिवाड़ी, भद्या–तिवाड़ी, परसरिया–तिवाड़ी, फलौड़िया–तिवाड़ी, भटावला–तिवाड़ी, रोडी–तिवाड़ी, कोरक–तिवाड़ी, बहरोडिया–तिवाड़ी।

छन्याति

स्व. महाराजा जयसिंह जी ने ब्राह्मणों में परस्पर खान–पान का भेद समाप्त करने के लिये ब्राह्मणों की एक महासभा आयोजित की, जिसमें १. पारीख, २. सारस्वत, ३. गौड़, ४. गुर्जर गौड़, ५. सिखवाल और ६. दाहिमा इन छ: का कच्चा–पक्का भोजन एक किया गया था। तब से छहों ब्राह्मण कच्ची–पक्की में सम्मिलित होते रहे हैं, किन्तु बेटी सम्बन्ध अपने–अपने समाज में करते हैं। इन्हें राजस्थान में छन्याति ब्राह्मण कहा जाता है।

गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्ता

Scanned with CamScanner

गौड़ ब्राह्मणों की ऋषि गोत्रानुसार पदवियाँ जो गोत्रावली के अन्तर्गत लिखित हैं

१. अत्री-अत्रिय–शुक्ल जोषी। २. अंगिरा–जोषी, व्यास। ३. अगस्त–जोषी, दीक्षित। ४. आलवायन–जोषी। ५. अघमर्षण–जोषी। ६. अनाब्रह्माक्ष–शुक्ल। ७. अष्टावक्र–जोषी। ८. अव्य–व्यास। ९. उत्तम–जोषी। १०. उद्दालक–पालक। ११. उपम–जोषी। १२. उपमन्यु–जोषी। १३. कविस्त–वाजपेयी। १४. कश्यप–तिवारी, त्रिपाठी। १५. काश्यप–जोषी, दीक्षित। १६. काशकृतस्नु–पुरोहित। १७. कौशिक–अग्निहोत्री, व्यास, दीक्षित। १८. कांचन–व्यास। १९. काणवायन–जोषी। २०. केशव–जोषी। २१. कौन्डिन्य–अग्निहोत्री। २२. कपिल–जोषी। २३. कात्यायन–त्रिपाठी, जोषी। २४. कृष्णावेण्यन–व्यास। २५. कण्व–व्यास। २६. कर्ण–जोषी। २७. गौतम–अग्निहोत्री, तिवारी। २८. गर्ग–दीक्षित, जोषी। २९. गोलव–शुक्ल। ३०. गोभिल–जोषी। ३१. गविष्ठ–जोषी। ३२. च्यवन–पुरोहित। ३३. चद्रायन–जोषी। ३४. जैमिनि–श्रोत्रिय। ३५. जमदग्नि–श्रात्रिय। ३६. जन्हु–व्यास। ३७. जावाली–आचार्य। ३८. जैमिनिय–व्यास। ३९. तंत्री–व्यास। ४०. दरभायन–व्यास। ४१. दालम्य–जोषी। ४२. धृतकौशिक–शुक्ल। ४३. धनंजय–त्रिवेदी, दीक्षित। ४४. परवृद्ध वशिष्ठ–जोषी, शुक्ल, व्यास। ४५. पूर्वातिथिनाम–त्रिपाठी, तिवारी। ४६. पारासर–मिश्र, स्वामी। ४७. वशिष्ठ–शुक्ल, जोषी, उपाध्याय, व्यास। ४८. वाशिष्ठ–शुक्ल, जोषी, तिवारी। ४९. वात्सना–जोषी। ५०. वाक्षिल्य–पुरोहित। ५१. वृहस्पती–जोषी। ५२. वत्स–मिश्र। ५३. बलि–जोषी। ५४. विश्वामित्र–जोषी, व्यास। ५५. व्योंग–आचार्य। ५६. वासुकी–व्यास। ५७. वृद्धि–व्यास। ५८. वामदेव–जोषी। ५९. विष्णु–व्यास। ६०. बोधायन–व्यास। ६१. वरवंगन–जोषी। ६२. बन्धुल–जोषी। ६३. वैयाग्रपद्य–व्यास। ६४. भार्गव–दीक्षित, जोषी, स्वामी। ६५. भारद्वाज–

Scanned with CamScanner

पांडे, तिवारी, चौबे, चतुर्वेदी, जोषी, दूबे, मिश्र। ६६. **भृगु**–व्यास। ६७. **मौदगल्य (मुदगल)**–पुरोहित, देवशर्मा, मिश्र। ६८. **मालवना**–जोषी। ६९. **मौनस**–स्वामी। ७०. **मांडल**–जोषी। ७१. **मित्रावरुण**–स्वामी। ७२. **मार्कन्डेय**–जोषी। ७३. **रेवण**–पुरोहित। ७४. **राहु**–जोषी। ७५. **लोभाक्ष**–जोषी। ७६. **शान्डिल्य**–अग्निहोत्री, जोषी, तिवारी। ७७. **सांस्कृत**–व्यास, पांडे। ७८. **सांकृत**–जोषी, व्यास, पांडे, दीक्षित। ७९. **शांकृत**–जोषी। ८०. **शौनक**–जोषी, द्विवेदी, व्यास। ८१. **सोमराज**–जोषी। ८२. **सार्वण**–जोषी। ८३. **सावर्णि**–जोषी। ८४. **शोरी**–पुरोहित। ८५. **संखना**–जोषी। ८६. **शक्ति**–जोषी। ८७. **सुपर्ण**–व्यास। ८८. **सोपायन**–मिश्र। ८९. **श्रोसेश्वर**–जोषी। ९०. **हरितस**–जोषी, व्यास, मिश्र। ९१. **हारी–व्यास।**

उपर्युक्त ऋषि गोत्र की पदवियों के अतिरिक्त भी ब्राह्मणों की अन्य पदवियाँ हो सकती है अर्थात् पदवियों का निर्धारण वेद-शास्त्रों के अध्ययन एवं कर्म काण्ड, ज्योतिष, पठन-पाठन, पुरोहितादि कार्य एवं श्रेष्ठ विद्वानों को राजा-महाराजा द्वारा प्रदत्त उपाधियों के अनुसार तथा स्थान और व्यवसाय के आधार पर बन जाती है।

अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि अनेक ऋषि गोत्र वालों के अन्तर्गत, शासन धारकों की पदवी भिन्न-भिन्न वर्णित है। विवाह सम्बन्धों में ऋषि गोत्र और शासन का विचार प्रमुख्य है।

वर्तमान में ऋषि गोत्रानुसार पदवी के स्थान पर सभी ब्राह्मण 'शर्मा' पदवी का व्यवहार करते हैं। विशेषतः गौड़ ब्राह्मण अपने नाम के साथ शर्मा और गौड़ दोनों पदवी लगाते हैं। आज शैक्षणिक योग्यतानुसार शास्त्री, ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न, विशारद आदि पदवियाँ भी लगाने की प्रथा है।

–गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्त्ता

Scanned with CamScanner

ऋषि गोत्रानुसार–सूत्र, वेदादि का विवरण

(अगले पृष्ठों पर)

वेदों की १६ शाखाओं के पश्चात् और सूक्ष्म व सरल करने के लिये, चारों वेदों के भिन्न-भिन्न सूत्र पृथक-पृथक ऋषियों द्वारा बनाये गये। जैसे–यजुर्वेद का कात्यायन द्वारा, सामवेद का गोभिल द्वारा, ऋग्वेद का आश्वासयन द्वारा और अर्थववेद का कौशिक द्वारा। इसके अतिरिक्त भी कुछेक ऋषियों ने अपनी-अपनी शाखाओं के सूत्र की रचना की। इस प्रकार सूक्ष्मतम कर्मकांड ग्रन्थों का नाम 'सूत्र' रखा गया।

अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि–एक ही ऋषि के भिन्न-भिन्न सूत्र भी ग्रन्थों में लिखित है, तदानुसार ही इस गोत्रावली में वर्णन किया गया है।

इसके साथ ही एक ही वेद के सूत्रों में भिन्नता भी दृष्टिगत हुई है, जिसे यथावत लिखा गया है।

इसी प्रकार ऋषि गोत्रों की कुल देवी और गणपति में भी भिन्नताएँ हैं।

ग्रन्थों के अध्ययन से जो ज्ञात हुआ है, उसी के अनुसार प्रस्तुत विवरण में लिखा गया है।

कृपया पाठक ध्यान से पढ़े और अपने सूत्रादि की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठावें।

प्राय: विवाहादि संस्कार में पंडित जी कुलदेवी एवं गणपति का नाम पूछते हैं, जिसकी जानकारी सबको नहीं होती। मेरा प्रयास ब्राह्मण बन्धुओं के लिये उपयोगी रहा तो मुझे प्रसन्नता होगी।

–गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्त्ता

Scanned with CamScanner

ऋषि गोत्रानुसार सूत्रादि की सूची

क्र.सं.	ऋषि गोत्र	सूत्र	वेद	कुल देवी	गणपति
१.	अत्री	गोभलीय	यजुर्वेद	रूचि देवी	दैदीप्यनाम्
२.	अत्री	अत्र्यायगृह्य	"	रूचि देवी	दैदीप्यनाम्
३.	अत्रिय	कात्यायन	यजुर्वेद	सती देवी	मुययेनाम्
४.	अंगिरा	कात्यायन	"	जीण देवी	महाकर्ण
५.	अंगिरा	वृद्धगोतम	"	जीण देवी	महाकर्ण
६.	अघमर्षण	कात्यायन	"	कार्श्यणा	त्रिष्टधिनां
७.	अगस्त	जैमिनि	"	सभा देवी	अन्नादयनाम्
८.	अष्टावक्र	गौतम	"	मंगला देवी	षडमुखनाम्
९.	आलम्बायन	अलम्बायन	"	सती देवी	धूंडीनाम्
१०.	अनाव्रह्माक्ष	गोतम	"	गणी देवी	अनवडनाम्
११.	उपमन्यु	पारस्कर	"	नदिया देवी	कीर्तिनाम्
१२.	अघमर्णण	जमदग्नि	"	कार्श्यणा	त्रिष्टधिनाम्
१३.	उपमन्यु	च्यवन	"	नदियादेवी	कीर्तिनाम्
१४.	उपम	वासुकी	"	कालीदेवी	गजानन
१५.	उद्दालक	पारस्कर	"	कालीदेवी	गजानन
१६.	कश्यप	पारस्कर	"	चावण्डा	गोलनाम्
१७.	काश्यप	कात्यायन	"	पथयारी	महार्णनाम्
१८.	कविस्त	पारस्कर	"	पथयारी	महार्णनाम्
१९.	कात्यायन	पारस्कर	"	चामुण्डा	गणनाम्

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	ऋषि गोत्र	सूत्र	वेद	कुल देवी	गणपति
२०.	कौंडिन्य	पारस्कर	यजुर्वेद	जीण देवी	धीरानाम्
२१.	कौंडिन्य	कौडिन्य	"	जीण देवी	धारीनाम्
२२.	कौशिक	आश्वलायन	ऋग्वेद	समदीरी	मुखनाम्
२३.	कौशिक	अत्रयावरीज	यजुर्वेद	समदीरी	मुखनाम्
२४.	कौशिक	कृष्णाजिनय	यजुर्वेद	सतिया देवी	खेचरनाम्
२५.	कपिल	गोभलीय	सामदेव	नादिया देवी	कोलवनां
२६.	कपिल	कात्यायन	यजुर्वेद	नादिया देवी	कोलवनां
२७.	काशकृतस्नु	पारस्कर	"	सिधि देवी	मुदरायणां
२८.	काशकृतस्नु	गोतम	"	सिधि देवी	मुदरायणां
२९.	कृष्णवेण्यय	कात्यायन	"	नन्दीनि देवी	गहायनां
३०.	कशव	कात्यायन	यजुर्वेद	आकुतीना	देवनां
३१.	कर्ण	कात्यायन	"	कुण्या	गणपनां
३२.	कांचन	देवल	"	चामुण्डा	मंगलनाम्
३३.	काणवायन	भगीरा	"	सती देवी	सिधिनाम्
३४.	गर्ग	गोभलीय	अथर्ववेद	कांकक्षीया	धोलिनां
३५.	गौतम	पारस्कर	यजुर्वेद	कृष्णा देवी	अद्धिनां
३६.	गोतम	वद्धगौतम	"	कृष्णा देवी	ऋद्धिनां
३७.	गविष्ठर	वासुकी	"	चामुण्डा	गजानन
३८.	गोमिल	कात्यायन	"	काली देवी	धरधरनां
३९.	गोलव	वद्धगौतम	"	चावडा	गजकर्ण
४०.	चन्द्रायन	जैमिनिय	"	जीण देवी	धुन्डनां
४१.	जातुकर्ण्य	पारस्कर	"	चाणा देवी	विनायक
४२.	जैमिनि	पारस्कर	"	हेमाद्री	गजानन
४३.	जगदग्नि	जमदग्नि	"	चामुंडा	कविल

क्र.सं.	ऋषि गोत्र	सूत्र	वेद	कुल देवी	गणपति
४४.	जन्हु	जमदग्नि	यजुर्वेद	सखी देवी	विध्ननाश
४५.	जावाली	वार्हस्पत्य	"	सती देवी	शिवनाम्
४६.	तंत्री	वद्ध गोतम	"	सीतला	गजानन
४७.	दरभायण	वासुदेव	"	चन्दावती	धरनां
४८.	दालभ्य	भार्गव	"	याकुदी	शिवनां
४९.	धृतकौशिक	वद्ध कौशिक	"	कटारी देवी	शुभनां
५०.	धनञ्जय	गोभलीय	सामदेव	कुणीचरी	सुभटनां
५१.	पारासर	पारस्कर	यजुर्वेद	जयंती देवी	शुभनां
५२.	वाशिष्ठ	पारस्कर	सामवेद	अत्यवती	धीरनां
५३.	वशिष्ठ	वसिष्ठ	यजुर्वेद	सत्यवती	त्र्यंकनां
५४.	वत्स	पारस्कर	"	चामुण्डा	एकदंतनाम्
५५.	वरवंगन	पारस्कर	"	सती देवी	गजानन
५६.	वामदेव	पारस्कर	"	कल्याणी	कौंडननाम्
५७.	विश्वामित्र	गोभिल	सामवेद	वागी देवी	धूनीनाम्
५८.	वृहस्पती	पारस्कर	यजुर्वेद	अरूंधती	सहायकानाम्
५९.	वाक्षिय	संखत्यी	"	गजिया देवी	षडमुखनां
६०.	बलि	देवल	"	कपिला देवी	वर देवनां
६१.	वृहस्पती	भारद्वाज	"	अरूंधती	सहायकानाम्
६२.	बन्धुल	देवल	"	दलियाणी	अहिरवुधनां
६३.	विष्णु	वृद्ध विष्णु	यजर्वेद	सवरी	सिनां
६४.	वात्सनां	भार्गव	"	चामुण्डा	एकदन्तनां
६५.	वोधायन	गोतम	"	सती देवी	शिवनां
६६.	वरवंगन	कात्यायन	"	सती देवी	गजानन
६७.	वृद्धि	वार्हस्पत्य	"	सेवंती	शिवनां

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	ऋषि गोत्र	सूत्र	वेद	कुल देवी	गणपति
६८.	वैयाग्रपद्य	सांकृत	यजुर्वेद	सितला	व्यानीनां
६९.	वासुकी	कित्यायन	"	चामुंडा	गंनांगणपति
७०.	भारद्वाज	पारस्कर	यजुर्वेद	सहदेवी	गजानन
७१.	भार्गव	पारस्कर	"	सति देवी	कृतान्तेनां
७२.	भारद्वाज	भरद्वाज	"	सहदेवी	गजानन
७३.	भार्गव	भार्गव	"	सति देवी	कृतांतनां
७४.	मौदगल्य	पारस्कर	"	सति देवी	ऋषिणाम्
७५.	मोगिल	कात्यायन	यजुर्वेद	बरदी	ऋषिणाम्
७६.	मालवंना	कृक्त्णु	"	रंभानां	सिद्धिनाम्
७७.	मांडल्य	कात्यायन	"	गोपाली	नंदनां
७८.	मित्रावरुण	भार्गव	"	कम्बा	षडमुखनां
७९.	मौनस	कोशिक	"	चामुंण्डा	विकटोटनां
८०.	मुद्गल	जमदग्नि		सति देवी	गजानन
८१.	मार्कंडेय	देवल	"	कुणमा	गजानन
८२.	यमदग्नि	पारस्कर	यजुर्वेद	चामुण्डा	कपिलनां
८३.	रेवण	गोतम	"	कृष्णा देवी	गंगाधरनां
८४.	राहु	वृद्ध विष्णु	"	सिधिया	गनानां
८५.	लोभाक्ष	कात्यायन	"	सति देवी	गंनांम्
८६.	शांडिल्य	गोभलीय	सामवेद	नरवारिया	श्रीगणपति
८७.	शौनक	पारस्कर	यजुर्वेद	सति देवी	गजानन
८८.	सांस्कृत	"	"	जिण देवी	श्रीजनानां
८९.	सोपायन	"	"	शीला देवी	गजानन
९०.	शांडिल्य	देवल	"	नरवारिया	श्रीगणपति
९१.	सावर्णि	शोनक	"	धारनां देवी	धरिनां

Scanned with CamScanner

क्र.सं.	ऋषि गोत्र	सूत्र	वेद	कुल देवी	गणपति
९२.	शांक्रत	शांकत	यजुर्वेद	सरू देवी	नन्दीनां
९३.	संखनां	शोनक	"	सुरा देवी	भुवनां
९४.	शोरी	कोकिल	"	चावंडा	शुभनां
९५.	सोमराज	वार्हस्पत्य	"	सति देवी	गजानन
९६.	सावर्ण	शोनन्द	"	माता देवी	गणेशनां
९७.	सांकृत्य	अत्रि	"	जिणयदेवी	श्रीगननां
९८.	शौनन्द	शोनक	"	सति देवी	गजानन
९९.	शुनक	शोनक	"	संखया	नन्दीनां
१००.	सोपायन	जमदग्नि	"	शीला देवी	गजानन
१०१.	हारी	वशिष्ठ	यजुर्वेद	जिण देवी	गोलवनां

विशेषत :—उपर्युक्त सूची पढ़ने से ज्ञात हुआ होगा कि कुछेक ऋषियों के नाम पर एक से अधिक (२-३) सूत्र लिखित हैं।

अतः ग्रन्थों में ऐसी भिन्नता पायी गयी है, तदानुसार वर्णन किया गया है। उसे काट-छाट करना उचित प्रतीत नहीं हुआ। विज्ञजन स्वयं विचार करेंगे। मेरा कार्य संकलन करना है, सुधार करने में मैं न सक्षम हूँ, न अधिकारी। शास्त्र-पुराणों में भिन्नता स्वाभाविक है।

—गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्त्ता

Scanned with CamScanner

गौड़ ब्राह्मणों के प्रकार

ब्राह्मणोत्पत्ति मार्तण्ड के पृष्ठ ५ के अनुसार :-१. गौड़ २. सारस्वत ३. कान्यकुब्ज ४. उत्कल और ५. मैथिल यह पाँचों गौड़ ब्राह्मण के अन्तर्गत आते हैं अर्थात् पंच गौड़ कहलाते हैं।

इसके अतिरिक्त १२ गौड़ों का नाम :-१. मांडल (मालवी) गौड़, २. श्रीगौड़, ३. श्रीहर्षगौड़ (गंगापुत्र गौड़), ४. हर्याणागौड़, ५. वाल्मीकी गौड़, ६. वाशिष्ठ गौड़, ७. सौरभ गौड़, ८. दालम्य गौड़, ९. सुखसेन गौड़, १०. भट्टनागर गौड़, ११. सूर्यध्वज गौड़, १२. माथुर गौड़। उक्त पंच गौड़ों को जोड़ने से कुल १७ प्रकार के गौड़ होते हैं।

अर्थात् जो केवल 'गौड़' ब्राह्मण के नाम से प्रसिद्ध है, उन्हें ही गौड़ के पूर्व 'आदि' विशेषण लगाकर आदि गौड़ ब्राह्मण कहना सर्वदा शास्त्र सम्मत है, ताकि उक्त १७ प्रकार के गौड़ ब्राह्मणों में स्पष्ट पृथकता का बोध हो जाए। केवल गौड़ ब्राह्मण कहने में प्रश्न बनता है कि आप कौन से गौड़ ब्राह्मण हैं।

अतएव केवल गौड़ ब्राह्मण कहने से और आदि गौड़ ब्राह्मण कहने के कारण गौड़ और आदि गौड़ में भेद मान लिया जाना स्वाभाविक है, किन्तु गलत है। पूर्व पृष्ठों पर इसका निराकरण कर दिया गया है।

सच तो यह है कि राजस्थान में शेखावाटी, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तरांचल प्रदेश में विशेष रूप से लोग आदि गौड़ ब्राह्मण ही बताते हैं।

अत: जब कोई पूछे आप कौन वर्ण (जाति) के हैं, तो कहना चाहिये ब्राह्मण, फिर पूछे आप कौन ब्राह्मण हैं, तो कहना चाहिये गौड़ ब्राह्मण, इसके

Scanned with CamScanner

पश्चात् जब पूछा जाए कि आप कौन से गौड़ हैं तब कहना चाहिये, आदि गौड़ ब्राह्मण। प्रथम प्रश्न के उत्तर में आदि गौड़ ब्राह्मण कहना ठीक नहीं है। यह उत्तर तृतीय प्रश्न का बनता है।

जब कोई अपने को गौड़ ब्राह्मण बतावे तो स्वत: बोध हो जाना चाहिये कि ये आदि गौड़ ब्राह्मण हैं, क्योंकि अन्य १२ प्रकार के गौड़, अपने को केवल गौड़ ब्राह्मण न कहकर, कहते हैं, श्रीगौड़, सौरभ गौड़, दालम्य गौड़, हर्याणा गौड़ इत्यादि।

अत: कोई गौड़ ब्राह्मण बतावे तो स्वत: आदि गौड़ ब्राह्मण का बोध हो जाता है। इसमें खींचा-तानी करना अनभिज्ञता का कारण हो जाता है।

सभी विप्र बन्धुओं से निवेदन है कि शास्त्र की मर्यादा का पालन करते हुए, भेद या रूढ़ि के बन्धन को तोड़ कर, शास्त्र के निर्णय का अनुकरण करें और ब्राह्मण संगठन को सशक्त बनावें।

आज के युग में परस्पर पूर्व से चली आ रही रूढ़ि एवं द्वेष को भूलाकर, समान विचारधारा वाले विप्र समुदाय का सशक्तिकरण किया जाए।

आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक प्रकार के ब्राह्मणों का एक अखिल भारतीय महासंघ स्थापित किया जाए। आज की राजनीति में जातियता का बोलबाला है, सरकार भी प्रत्येक जाति की संख्या बल पर प्राथमिकता देती है। लोग बोलते हैं कि सब ब्राह्मण बन रहे हैं, बनने दें। किसी समाज की संख्या का बढ़ना शुभ है। नाम से क्या होता है, सम्बन्ध तो सब अपने-अपने समाज में करते हैं। संकुचित विचार को छोड़कर, उदारवादी बनना है। ऐसा मेरा विचार है।

–गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्ता

Scanned with CamScanner

ब्राह्मणों के शुभाशुभ लक्षण

१. 'ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्ड' के अनुसार ब्राह्मण लक्षण :–

एक सत्यब्रह्म, एक तप ब्रह्म, एक इन्द्रियजय ब्रह्म, एक सर्वभूतदया ब्रह्म, यह चार गुण जिनमें हो उन्हें पूर्ण ब्राह्मण मानना।

शूद्र होके शील गुण सम्पन्न होवे तो वह ब्राह्मण को मान्य है और ब्राह्मण स्वकर्म भ्रष्ट हो तो वह शूद्र से भी अधम होता है।

सब वर्ण (जाति) में ब्राह्मण और सब जाति में चांडाल है। ब्राह्मणों में भी कर्म योग से चांडाल है, और चांडालों में भी कर्म योग से ब्राह्मण है।

'मनुस्मृति' १/८८ के अनुसार ब्राह्मण लक्षण–(१) निष्कपट होके प्रीति से पुरुष, पुरुषों को और स्त्री, स्त्रियों को पढ़ावे। (२) पूर्ण विद्या पढ़े (३) अग्नि होत्रादि यज्ञ करे। (४) यज्ञ करावे। (५) विद्या तथा सुवर्ण का सुपात्रों को दान देवे। (६) न्याय से धन उपार्जन करने वाले गृहस्थों से दान लेवे भी।

२. 'श्री आदि गौड़ प्रदीपिका' के पृष्ठ ७०-७१ के अनुसार :–

(१) देव ब्राह्मण, (२) मुनि ब्राह्मण, (३) द्विज ब्राह्मण, (४) क्षत्रिय ब्राह्मण, (५) वैश्य ब्राह्मण, (६) शूद्र ब्राह्मण, (७) मार्जार ब्राह्मण, (८) कृतघ्न ब्राह्मण, (९) म्लेच्छ ब्राह्मण, (१०) चांडाल ब्राह्मण, ऐसे दस प्रकार के ब्राह्मण कहे जाते हैं।

इन दस ब्राह्मणों के कर्म एवं लक्षण :–भिक्षा माँग कर निर्वाह करना, वेद पढ़ना, जो मिले उसी में संतोष करना, वेद शास्त्र का ज्ञाता, सत्यभाषी

Scanned with CamScanner

को देव ब्राह्मण कहना। तप कर्ता, अहिंसक, दयालु, नित्य षट्कर्मी, त्रिकाल संध्या करने वाले को द्विज ब्राह्मण कहना। जो घोड़ा-हाथी, रथादि पर कुशल वाहन कर्ता, युद्ध में तत्पर, राजनीतिज्ञ, न्यायकारी को क्षत्रिय ब्राह्मण कहना। जो द्रव्य का ब्याज लेता हो, पशुपालक, कृषक, व्यापार करने वाले, उद्यमी को वैश्य ब्राह्मण कहना। तेल, लाख, तील, नील, क्षार, शहदादि विक्रेता को शूद्र ब्राह्मण कहना। चोरी करने वाले, निर्दयी, दंभी, धोखा देने वाले को मार्जार ब्राह्मण कहना। किसी का उपकार न मानना, चरित्रहीन को कृतघ्न ब्राह्मण कहना। अपवित्र रहना, स्नानादि कर्महीन, भक्षाभक्ष करने वाले, मादक पदार्थ का सेवन करने वाले को म्लेच्छ ब्राह्मण कहना। स्वभाव से क्रूर, लोभी, हिंसक, धार्मिक स्थानों का दुरुपयोग करने वाले को चांडाल ब्राह्मण कहना।

३. ब्राह्मणोत्पत्ति मार्तण्ड के पृष्ठ-१२ के अनुसार–

जो जातिमात्र ब्राह्मण है, जिसके गर्भाधानादि संस्कार समंत्रक नहीं हुए, उनको अब्राह्मण कहना। शातापत ऋषि छः प्रकार के अब्राह्मण कहते हैं–१. राजसेवक, २. क्रयविक्रय कर्ता, ३. द्रव्यलोभ से बहुत यज्ञ कराने वाला, ४. सारे गाँव का आचार्यत्व करने वाला और उसका सेवक, ५. प्रातः सायं संध्या न करने वाला यह छः अब्राह्मण है। अब जो सशस्त्र नौकरी कर्ता-१, शाई बेचने वाला-२, अष्टादश वर्णोपवर्ण का आचार्यत्व करने वाला-३, तीन वर्ष तक द्रव्य लेकर देव पूजा करने वाला-४, ग्रामांतरों का पत्रादि वाहक (धावक)-५, द्रव्य लेकर रसोई करने वाला पाचक (रसोइया) यह ६ शूद्र सरीखे ब्राह्मण जानना।

ऐसे शुभाशुभ कर्म के अनुसार ब्राह्मणों को शास्त्रों में परिभाषित किया

Scanned with CamScanner

गया है। अपने पूर्वजों की मर्यादा का पालन करना चाहिए, केवल ब्राह्मण कहने से कोई ब्राह्मण नहीं होता। ब्राह्मण जाति नहीं, वर्ण है और वर्ण का निर्धारण, चयन प्रक्रिया से होना चाहिये। चयन प्रक्रिया का नष्ट होना ही ब्राह्मण पतन का कारण है। आज ब्राह्मणेत्तर जातियाँ ब्राह्मण नामधारियों का विरोध कर रही है, ब्राह्मणों का नहीं। शास्त्रानुसार कोई जन्म से ब्राह्मण नहीं होता। जैसाकि शास्त्रों में वर्णन किया गया है। आज भ्रष्ट ब्राह्मण भी एक-दूसरे की निन्दा करके गौरवान्वित हो रहे हैं। यह विचारनीय विषय है। सावधान हो और आत्मचिन्तन करें।

–गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्ता

Scanned with CamScanner

चार वेद और उनके उपवेदों के नाम

	वेद	रचनाकार	उपवेद
१.	यजुर्वेद	वायु ऋषि	धनुर्वेद
२.	ऋग्वेद	अग्नि ऋषि	आयुर्वेद
३.	सामवेद	आदित्य ऋषि	गान्धर्व वेद
४.	अथर्व वेद	अंगिरा ऋषि	स्थापत्य वेद (अर्थशास्त्र)

छः शास्त्र एवं उनके रचनाकार

१.	न्याय दर्शन	गौतम ऋषि द्वारा
२.	वैशेषिक दर्शन	कणाद मुनि द्वारा
३.	सांख्य दर्शन	कपिल ऋषि द्वारा
४.	योग दर्शन	पातञ्जलि ऋषि द्वारा
५.	मीमांसा शास्त्र	जैमिनि ऋषि द्वारा
६.	वेदान्त शास्त्र	व्यास मुनि द्वारा

१. न्याय दर्शन का प्रमाण वाद

१. प्रमाण, २. प्रमेय, ३. संशय, ४. प्रयोजन, ५. सिद्धान्त, ६. दृष्टान्त, ७. अवयव, ८. तर्क, ९. निर्णय, १०. वाद, ११. जल्प, १२. वितंडा, १३. हेत्वाभास, १४. छल, १५. जाति और १६. निग्रहस्थान।

Scanned with CamScanner

२. वैशेषिक दर्शन के अनुसार

प्रमेय :–१. द्रव्य, २. गुण, ३. कर्म, ४. सामान्य, ५. विशेष, ६. सम्बाय, कुल छः भागों में विभक्त किया गया।

द्रव्य पदार्थ :–१. पृथ्वी, २. जल, ३. तेज, ४. वायु, ५. आकाश, ६. काल, ७. दिशा, ८. मन, ९. आत्मा या जीव आत्मा।

२४ प्रकार के गुण :–१. रूप, २. रस, ३. गन्ध, ४. स्पर्श, ५. संख्या, ६. परिमान, ७. पृथकत्व, ८. संयोग, ९. विभाग, १०. प्रत्व, ११. बुद्धि, १२. अप्रत्य, १३. सुख, १४. दुःख, १५. इच्छा, १६. द्वेष, १७. प्रयत्न, १८. गुरुत्व, १९. द्रवत्व, २०. स्नेह, २१. संस्कार, २२. धर्म, २३. अधर्म औः २४. शब्द।

पाँच प्रकार के कर्म :–१. उन्क्षेपण, २. अवक्षेपण, ३. आकुंचन, ४. प्रसारण और ५. गमन।

३. सांख्य दर्शन का विचार

संसार में दो पदार्थ हैं, एक जड़, दूसरा चेतन (प्रकृति–पुरुष), चेतन जीवात्मा को चेतन और अचेतन का ज्ञान आवश्यक है। जगत का उपादान कारण प्रकृति है, परन्तु प्रकृति जड़ और दुःखदायक है, दुःख से निवृत्त होने के लिये चेतन सत्ता अर्थात् सृष्टि कर्ता परमात्मा को जानना एवं स्थित होना तथा आत्म–साक्षात्कार होना परमावश्यक है।

४. योग दर्शन के अनुसार साधना विधि

१. यम, २. नियम, ३. आसन, ४. प्राणायाम, ५. प्रत्याहार, ६. धारणा, ७. ध्यान, ८. समाधि। इसका ज्ञान गुरु से प्राप्त होगा।

Scanned with CamScanner

५. मीमांसा शास्त्र सिद्धान्त

योग (ध्यान) में अविद्या के संस्कार बाधक होते हैं, मन पर पड़े संस्कार को दूर करने हेतु शुभ कर्मों में प्रवृत्त रहना एवं सदैव संसार की प्रत्येक वस्तु में ईश्वर का रूप और सत्ता का अनुभव करना चाहिये। अतएव सद्गुरु की शरण एकमात्र मुक्ति का मार्ग है।

६. वेदान्त शास्त्र के द्वारा मार्गदर्शन

पूर्व पाँचों शास्त्रों द्वारा–प्रमाण, प्रभेय, प्रकृति–पुरुष, योग की विधि, योग (ध्यान) में विघ्न निवारण की चर्चा तो हो गई, किन्तु जिस चेतन ब्रह्म के साथ स्थित होता है, उन्हें तो जाना ही नहीं, इसलिये वेदान्त शास्त्र में सम्पूर्ण ब्रह्म ज्ञान एवं ब्रह्म के यथार्थ रूप का वर्णन किया गया है।

वेद–शास्त्र का यथार्थ ज्ञान के लिये, उनका अध्ययन करना आवश्यक है, इस लेख में संक्षेप में परिचय देने का प्रयास किया गया है।

शास्त्रज्ञ न होने के कारण इसमें असंगति एवं त्रुटि का होना स्वाभाविक है, विज्ञ विप्र बन्धु क्षमा करेंगे।

–गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्ता

Scanned with CamScanner

अन्तिम निवेदन

प्रकाशित गोत्रावली में गोत्र-शासन सम्बन्धित जो भी संकलन किया गया है, उसमें यथा संभव प्रमाणित ग्रन्थों के अध्ययन से प्राप्त जानकारी पर आधारित है, साथ ही श्रेष्ठ विद्वानों से सम्पर्क करके मार्गदर्शन लेते हुए, संदेहात्मक विषय वस्तु का परित्याग कर, पुष्ट जानकारी प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

अनेक ब्राह्मणेत्तर वर्णों में शासन (अल्ल) ब्राह्मणों से मिलते-जुलते हैं, इसलिये पूरी जानकारी प्राप्त होने पर ही पुस्तक में प्रविष्ठी की गई है।

शासनों का निर्धारण पाँच हजार वर्ष पूर्व में किया गया था, हजारों वर्षों के अन्तराल में मूल शासन का उच्चारण दोष के कारण अनेक पर्याय बन गया है और स्थान परिवर्तन एवं व्यवसाय से भी भूल बस शासन बदल गया है।

यद्यपि सावधानीपूर्वक असंगति का निवारण करने का प्रयास किया गया है, तदापि पूर्व की सभी असंगति को शुद्ध करना संभव नहीं है। अगर गौड़ ब्राह्मणों की महासभा का आयोजन हो और सभी विद्वानों के द्वारा शोध किया जाए तो सुधार हो सकता है।

अनभिज्ञता बस मुझ से या मुद्रक दोष के कारण हुई भूल एवं अशुद्धि के लिए क्षमा प्रार्थी हूँ।

पुनश्च :-

प्रस्तुत गोत्रावली में जो वर्ण सम्बन्धित विचार व्यक्त किया गया है, वह शास्त्रों पर आधारित है और मैं उसका सम्मान करता हूँ। पूर्व महर्षियों ने जो वर्ण की व्यवस्था दी है, वह आज के युग में भी अनुकरणीय है। इस व्यवस्था के अभाव में विप्र समुदाय कहाँ जा रहा है? यह चिन्तन का विषय है। संभव है, यह व्यवस्था आज व्यवहारिक और रुचिकर न हो। व्यक्तिगत रूप से मैं इसे महत्त्वपूर्ण मानता हूँ।

विनीत

गोविन्दलाल गौड़

Scanned with CamScanner

बिखरे मोती

१. बन्धे को बन्धा मिले, छूटे कौन उपाय।
सेवा कर निर्बन्ध की, पल में दे छुड़ाय॥

२. नाम बड़ा किस काम का, जो किसी के काम न आए।
सागर से नदियाँ भली, जो सबकी प्यास बुझाए॥

३. मान पुड़ी है जहर की, खाये सो मर जाये।
चाह उसी की राखता, वह भी अति दुःख पाये॥

४. साधक ऐसा चाहिए, जाके ज्ञान विवेक।
बाहर मिलता सो मिले, अन्दर सबसे एक॥

५. चलती चक्की देख के दिया कबीरा रोय।
दो पाटन के बीच में साबुत बचा न कोय॥

६. चक्की चले तो चलन दे, तू काहे को रोय।
लगा रहे तू कील से, तो बाल न बाँका होय॥

७. यह तन विष की बेलरी गुरु अमृत की खान।
सिर दीजे सद्गुरु मिले तो भी सस्ता जान॥

८. कबीरा इह जग आय के, बहुत से कीने मीत।
जिन दिल बाँधा एक से, वे सोये निश्चिंत॥

९. हर्ष शोक जाँके नहीं वैरी मीत समान।
कह नानक सुन रे मना मुक्त ताँही ते जान॥

१०. माटी कहे कुम्हार से तू क्या रोंदे मोय।
एक दिन ऐसा आयेगा मैं रोंदूँगी तोय॥

११. हम वासी उस देश के जहाँ पार ब्रह्म का खेल।
दीया जले अगम का बिन बाती बिन तेल॥

Scanned with CamScanner

१२. मन की आँटी अटपटी, झटपट लखे न कोय।
मन की खटपट जो मिटे, चटपट दर्शन होय॥

१३. यदि मन मैला हो प्रिय!, सब ही मैला होय।
तन धोये से मन कभी, साफ-स्वच्छ न होय॥

१४. मन का दर्पण स्वच्छ किया, जिसने अपने तांई।
अनुभव उसका देखी उसमें, आत्मदेव की सांई॥
भीतर बाहर दिखे अकेला, न कहीं दूसरा कोई।
कार्य सिद्ध हुए उसके तो 'सामी' कहेसुन सांई॥

१५. दुर्जन की करुणा बुरी, भलो सांई को त्रास।
सूरज जब गरमी करे, तब बरसन की आस॥

१६. कस्तूरी कुंडल बसे, मृग ढूंढ़े बन माहिं।
ऐसे घट-घट ब्रह्म हैं, दुनिया जानत नाहिं॥

१७. सब घट मेरा साँईयाँ, खाली घट न कोई।
बलिहारी वा घट की, जा घट प्रकट होई।
कबीरा कुँआ एक है, पनिहारी अनेक।
न्यारे-न्यारे बर्तनों में, पानी एक का एक॥

१८. भूले मन समझ के लाद लदनियाँ।
थोड़ा लाद बहुत मत लादे, टूट जाय तेरी गरदनियाँ॥
भूखा होय तो भोजन कर ले, आगे हाट न बनियाँ॥
प्यासा होय तो पानी पी ले, आगे देश निपनियाँ॥
कहत 'कबीर' सुनो भाई साधो काल के हाथ कमनियाँ॥

१९. तेरे भावे कछु करो, भलो बुरा संसार।
'नारायण' तू बैठिके, अपनो भवन बुहार॥

२०. 'कबीर' सुधा है कूकरी, तन सों दई लगाय।
यांको टुकड़ा डालकर, पीछे हरि गुणगाय॥

Scanned with CamScanner

स्तुत्य समर्पण

१. गौड़ विप्र पञ्चाङ्ग गोत्रावली के समापन पर मैं, सृष्टि रचियता परम पिता परमेश्वर को अनन्त कोटि प्रणाम करता हूँ, जिनकी अहेतुक कृपा से मेरा मनुष्य योनि में जन्म हुआ है और मेरे हृदय में विराजमान होकर, मुझे जीवन प्रदान कर रहे हैं।

२. श्रद्धास्पद परम पूज्य श्री सद्गुरु महाराज जी के चरणों में नत मस्तक होकर प्रणाम करता हूँ, जिनके ज्ञान दीक्षा से चराचर जगत में सर्व व्यापक सत्ता को स्वयं में और सब (जड़-चेतन) में अनुभव करने की प्रेरणा प्रदान की गयी है। अर्थात्

लाली मेरे लाल की, जित देखूँ तित लाल।
लाली देखन मैं गया, मैं भी हो गया लाल॥

–कबीर

पूज्य महाराज जी के वचन–जो तुम्हें दिखायी पड़ रहा है और जो देख रहा है, उसके साथ तादात्म्य हो जा, भटकना बन्द कर। ऐसे महान ज्ञान के लिए कोटि धन्यवाद तथा शरणागत।

३. ब्रह्मलीन परम पूज्य माता-पिता, जिनके पार्थिव अंश से मेरा शरीर निर्मित हुआ है एवं जिनके रक्त-दुग्ध से पोषण हुआ है तथा जिनकी स्नेह-छाया में पले, बड़े और भौतिक सुख-सम्पदा का आनन्द प्राप्त है। अतः अदृश्य पूज्य माता-पिता के चरणों में अनन्त कोटि नमन करता हूँ।

४. अन्त में मैं, उन सभी श्रेष्ठ जनों, मार्गदर्शकों एवं मित्रों का आभार और सम्मान व्यक्त करता हूँ और धन्यवाद देता हूँ, जिनकी प्रेरणा से मैं उत्साहित होकर 'गोत्रावली' का संकलन करने में सफल हुआ हूँ।

–गोविन्दलाल गौड़
संकलनकर्त्ता

Scanned with CamScanner

गौड़ विप्र पञ्चाङ्ग गोत्रावली

॥ परम ब्रह्म गुरुदेवाये नमः ॥

संकलनकर्त्ता–गोविन्दलाल गौड़

जन्म विक्रम सं. १९८७

(राजकीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कृत)

निवास :

''गौड़ विप्र विहार''

२७६०, पूर्वियों का चौक, खजाने वालों का रास्ता, जयपुर (राजस्थान)

राजस्थान विप्र भवन

५१, विष्णु मन्दिर मार्ग, गया (बिहार)

Scanned with CamScanner

राजस्थानी लोक बालाएँ

मुद्रक : दिनेश प्रिन्टर्स, फोन : 3093065

Scanned with CamScanner